प्रेस नोट

उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद के नव नियुक्त सदस्य डा0 चन्द्र प्रकाश तिवारी के द्वारा दिनांक 14.05.2026 को परिषद के देहरादून मुख्यालय का भ्रमण किया गया, जहां पर उनके द्वारा प्रदेश में संचालित की जा रही जैविक कृषि से सम्बन्धित गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा किसानों के बीच जैविक कृषि के प्रति और अधिक जागरूकता जैविक उत्पादों के विपणन हेतु अतिरिक्त योजनायें आदि से सम्बन्धित विषयों पर चर्चा की। डा0 तिवारी जी द्वारा परिषद के अधिकारियों को सुझाव दिया गया कि वन उपज प्रमाणीकरण, शहद प्रमाणीकरण, क्रेता–विक्रेता बैठक का आयोजन, स्थानीय विशेष उत्पादों को और अधिक प्रोत्साहन सम्बन्धी कार्यों को अधिक प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही डा0 तिवारी विभिन्न विश्वविद्यालय से समन्वय स्थापित कर जैविक के क्षेत्र में विभिन्न एन्टरप्रोइनोरशिप (Enterpionership) कार्यक्रम आरम्भ किये जाने हेतु सुझाव दिये गये जिससे नौजवान छात्र जैविक खेती जुडकर आय में वृद्धि कर सके। जैविक कृषकों को कैनोपी वितरित कर स्थानीय स्तर विपणन कर जैविक उत्पादों प्रोत्साहन हेतु कार्य किया जाने हेतु भी सुझाव दिया गया जिससे कृषकों को लाभन्वित होकर आय में वृद्धि कर सके। बैठक में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबन्धक, श्री संजीव श्रीवास्तव, तकनीकी प्रबन्धक श्री अमित श्रीवास्तव, विपणन प्रबन्घक, श्री हिमांशु बिष्ट, प्रशिक्षण प्रबन्धक, डा0 देवेन्द्र सिंह नेगी उपस्थित रहें। डा0 तिवारी द्वारा कृषकों के प्रशिक्षण व क्षमता विकास हेतु लगातार कार्य किये जाने हेतु सुझाव दिये गये जिससे किसान प्रशिक्षित होकर जैविक खेती अच्छे आयाम स्थापित कर सके। डा0 तिवारी द्वारा आगामी माह में बैठक कर परिषद के विभिन्न बिन्दुओं पर मार्ग दर्शन दिया गया।